# विधान सभा
# राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली
## समाचार भाग–1
## (कार्यवाही का संक्षिप्त अभिलेख)
## सोमवार, 08 मार्च, 2021/फाल्गुन 17, 1942 (शक्)

**संख्या–09**

**11.58 बजे** श्री रामनिवास गोयल, माननीय अध्यक्ष पीठासीन हुए।

*राष्ट्रीय गीत (वन्दे मातरम्)*

**1.** 11.58 बजे अध्यक्ष महोदय ने सूचित किया कि सदन की प्रत्येक बैठक अबसे पूर्वाह्न 11.00 बजे से प्रारम्भ होगी तथा उन्होंने सदस्यों से इस बात का ध्यान रखने और निर्धारित समय पर सदन में पहुंचने का अनुरोध किया।

**2.** 11.59 बजे **निधन संबंधी उल्लेख :**

सदन द्वारा निम्नलिखित को श्रद्धांजलि दी गई तथा दो मिनट का मौन धारण किया गया :–

1. उतराखंड के चमौली जिले में आई बाढ़ आपदा के कारण हुई लोगों की मौत।
2. दिल्ली की सीमाओं पर कृषि कानूनों के विरोध में प्रदर्शन कर रहे किसानों की मौत।

**3.** 12.02 बजे अध्यक्ष महोदय ने सदन को गर्व से सूचित किया कि दिनांक 25 जनवरी, 2021 को विधानसभा परिसर में माननीय मुख्यमंत्री, माननीय उप मुख्यमंत्री तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में अशोक स्तम्भ स्थापित किया गया। उन्होंने सदन को यह भी सूचित किया कि सदन की अध्यक्ष दीर्घा, मीडिया दीर्घा तथा दर्शक दीर्घा को सुरक्षा कारणों के दृष्टिगत शीशे के फ्रेम से ढ़क दिया गया है।

**4.** 12.04 बजे अध्यक्ष महोदय ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सदन को बधाई दी और संक्षिप्त वक्तव्य दिया।

तत्पश्चात् अध्यक्ष महोदय ने सुश्री राखी बिडला, माननीय उपाध्यक्ष महोदया को दिन की शेष कार्यवाही संचालित करने के लिए आमंत्रित किया।

**5.** 12.07 बजे **(सुश्री राखी बिडला, माननीय उपाध्यक्ष महोदया पीठासीन हुईं।)**

**माननीय उपराज्यपाल महोदय के अभिभाषण की प्रति प्रस्तुत करना :**

सचिव, विधान सभा ने माननीय उपराज्यपाल महोदय द्वारा दिये गये अभिभाषण की हिन्दी एवं अंग्रेजी प्रति सदन पटल पर प्रस्तुत की।

**6.** 12.10 बजे श्री अनिल कुमार बाजपेयी तथा प्रतिपक्ष के अन्य सदस्यों ने दिल्ली परिवहन निगम के संबंध में कुछ मामले उठाने चाहे।

उपाध्यक्ष महोदया ने सूचित किया कि वे सदन की सूचीबद्ध कार्यवाही समाप्त होने के बाद अपनी व्यवस्था देंगी।

**7.** 12.12 बजे **आर्थिक सर्वेक्षण का प्रस्तुतीकरण :**
**श्री मनीष सिसोदिया, माननीय उप मुख्यमंत्री** ने दिल्ली का आर्थिक सर्वेक्षण (2020–21) प्रस्तुत किया। ( अंग्रेजी एवं हिन्दी प्रतियां)

**8.** 12.13 बजे **प्रतिवेदन का प्रस्तुतीकरणः**
**श्री दिलीप कुमार पांडे, माननीय मुख्य सचेतक** ने **'कार्यमंत्रणा समिति का प्रथम प्रतिवेदन'** प्रस्तुत किया।

**9.** 12.14 बजे **आउटकम बजट–2020–21 की स्टेटस रिपोर्ट :**
**श्री मनीष सिसोदिया, माननीय उप मुख्यमंत्री** ने *आउटकम बजट 2020–21 की स्टेटस रिपोर्ट (31 दिसम्बर 2020 तक)* प्रस्तुत की (अंग्रेजी एवं हिन्दी प्रतियां) तथा आउटकम बजट की मुख्य विशेषताओं का वर्णन करते हुए संक्षिप्त वक्तव्य दिया।

**10.** 12.40 बजे **विशेष उल्लेख (नियम–280) :**
माननीय उपाध्यक्ष महोदया ने निर्देश दिया कि निम्नलिखित सदस्यों द्वारा नियम–280 के अंतर्गत उठाये जाने वाले विशेष उल्लेख के मामले पढ़े हुये माने जायें :–

1. श्री अखिलेश पति त्रिपाठी
2. श्री ओम प्रकाश शर्मा
3. श्रीमती प्रमिला धीरज टोकस
4. श्री मोहन सिंह बिष्ट
5. श्री अनिल कुमार बाजपेयी
6. श्री अजय महावर
7. श्री अभय वर्मा

**11.** 12.41 बजे **उपाध्यक्ष महोदया द्वारा व्यवस्था :**
उपाध्यक्ष महोदया ने कहा कि प्रतिपक्ष के सदस्यों ने दिल्ली परिवहन निगम से संबंधित मामले को उठाने के संबंध में कोई नोटिस नहीं दिया। उन्होंने कहा कि सदस्य जिस मामले को उठाना चाहते हैं, उससे संबंधित उपयुक्त नोटिस दे सकते हैं और तदानुसार इस पर निर्णय लिया जायेगा।

**12.** 12.41 बजे **उपाध्यक्ष महोदया ने सदन की कार्यवाही मंगलवार, दिनांक 09 मार्च, 2021 को पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की।**

दिल्ली
08 मार्च, 2021

सी. वेलमुरूगन
सचिव

# LEGISLATIVE ASSEMBLY
# NATIONAL CAPITAL TERRITORY OF DELHI
## Bulletin Part-I
**(Brief summary of proceedings)**
**Monday, 08 March 2021 / 17 Phalgun 1942 (*Saka*)**

**No. 09**
**11.58 AM**

**Sh. Ram Niwas Goel, Hon'ble Speaker in-Chair**
***National Song (Vande Mataram)***

1. 11.58 AM The Chair informed the House that every sitting of the House, henceforth, will commence from 11:00 AM onwards and requested Members to take note of the same and attend the House at the scheduled time.

2. 11.59 AM **Obituary References :**

   The House paid homage and observed two minute silence on:

   1. Death of persons due to flood disaster in Distt. Chamoli, Uttrakhand.
   2. Death of farmers agitating against the farm laws on Delhi's borders.

3. 12:02 PM Chair expressed pride in informing the House that Ashok Stambh (Pillar) was installed in the Assembly Premises on 25th January, 2021 in the presence of Hon'ble Chief Minister, Honble Dy Chief Minister and other dignitaries. He also apprised the House that the Speaker Gallery, Media Gallery and Visitor Gallery in the House were covered with glass frame in view of security reasons.

4. 12.04 PM Chair greeted the House and made a statement on the occasion of International Women's Day.

   The Chair then invited Ms. Rakhi Birla, Hon'ble Deputy Sepaker to Chair the House for remaining proceedings of the day.

5. 12.07 PM **(Ms. Rakhi Birla, Hon'ble Deputy Speaker in-chair)**
   **Laying of Hon'ble Lieutenant Governor's Address:**
   Secretary, Legislative Assembly laid a copy of English & Hindi version of the Address delivered by Hon'ble Lieutenant Governor on the Table of the House.

6. 12.10 PM Shri Anil Kumar Bajpai and other Members of the Opposition sought to raise certain issues regarding Delhi Transport Corportaion.
   The Chair stated that she will give her ruling after the listed business of the House concludes.

7. 12.12 PM **Presentation of the Economic Survey :**
   **Sh. Manish Sisodia, Hon'ble Deputy Chief Minister** presented the Economic Survey of Delhi (2020-2021) (English & Hindi Version).

8. 12.13 PM **Presentation of Report :**
   **Sh. Dilip Kumar Pandey, Hon'ble Chief Whip** presented the '**First Report of Business Advisory Committee**'.

9. 12.14 PM **Status Report of Outcome Budget - 2020-21 :**
   **Sh. Manish Sisodia, Hon'ble Deputy Chief Minister** presented the *Status Report of Outcome Budget-2020-21 (upto 31st December 2020)* (English & Hindi Version) and made a brief statement explaining the salient features of the Outcome Budget.

10. 12.40 PM **Special Mention (Rule-280) :**

Hon'ble Deputy Speaker directed that the matters raised by the following Members under Rule-280 be treated as read :

1. Sh. Akhilesh Pati Tripathi
2. Sh. Om Prakash Sharma
3. Smt. Pramila Dhiraj Tokas
4. Sh. Mohan Singh Bisht
5. Sh. Anil Kumar Bajpai
6. Sh. Ajay Mahawar
7. Sh. Abhay Verma

11. 12.41 PM **Directions of the Chair:**

The Chair stated that the Opposition Members had not given any notice to raise the issue regarding Delhi Transport Corporation. She stated that the Members may give proper notice for the issue which they desired to raise and a decision would be accordingly taken.

12. 12:41 PM **The Chair adjourned the House upto 11.00 AM on Tuesday, 09 March 2021.**

**Delhi**
**08 March, 2021**

**C. Velmurugan**
**Secretary**